

# मार्च में ही 40 डिग्री पहुंचने को बेताब हुआ पारा

## सामान्य की तुलना में 5 डिग्री ऊपर चढ़ा दिन का तापमान

नवभारत न्यूज

**सतना 15 मार्च. मार्च महीने का मध्य आते-आते ही सूर्यदेव की तपिश ने आगे आने वाली भीषण गर्मी के संकेत देना शुरु कर दिया है. दिन के अधिकतम तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए मार्च महीने में ही इाके 40 डिग्री तक पहुंच जाने की संभावना प्रबल हो गई है.**



आलम यह है कि एक ओर जहां दिन के तापमान में सामान्य की तुलना में लगभग 5 डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है, वहीं दूसरी ओर रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य की तुलना में 3.7 डिग्री सेल्सियस ऊपर चढ़ गया. मौसम कार्यालय के अनुसार रविवार को शहर में दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. हलांकि पिछले 24 घंटे में इसमें 0.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई. लेकिन इसके बावजूद भी यह सामान्य की तुलना में 4.6 डिग्री अधिक पाया गया. दिन के अधिकतम तापमान में एकाएक बढ़ोत्री की शुरुआत गुरुवार स शुरु हो गई थी, जब पारा 37.4 डिग्री दर्ज हुआ था. हलांकि अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री पर बना रहा. लेकिन रविवार को इसमें 0.2 डिग्री की कमी दर्ज हुई. मार्च माह का मध्य आते-आते ही सामान्य की तुलना में दिन के अधिकतम तापमान में लगभग 5 डिग्री की बढ़ोत्तरी यह बताने के लिए काफी है कि आने वाले दिनों में गर्मी कैसी पड़ने वाली है. एक ओर जहां दिन के तापमान में इजाफा होता जा रहा है वहीं दूसरी ओर रात का न्यूनतम तापमान भी पीछे नहीं रहा. रविवार को शहर में न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ. इस लिहाज से न्यूनतम तापमान में न सिर्फ पिछले 24 घंटे में 2.5 डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई. बल्कि यह सामान्य की तुलना में 3.7 डिग्री सेल्सियस अधिक पाया गया. लगभग सप्ताह भर में आई इस मौसमी तब्दीली की वजह से दिन के समय कड़ी धूप ने लोगों को झुलसाना शुरु कर दिया है. जिसके चलते मार्च में ही लोगों ने सिर ढंकने की व्यवस्था के साथ पीने का पानी भी साथ में रखना शुरु कर दिया है. वहीं दूसरी ओर इस मौसमी फेरबदल का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ता नजर आने लगा है.

### मौजूदा सिस्टम से उम्मीद कम

मौसम विभाग के अनुसार देश के उत्तरी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में पश्चिमी विक्षोभ और ट्रर्फ रेखा जैसे सिस्टम सक्रिय हो रहे हैं. जिसका असर आने वाले दिनों में उत्र पश्चिमी भारत पर पड़ने की संभावना भी है. हलांकि मौसमी फेरबदल के चलते अगले सप्ताह राज्य के कुछ जिलों में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ हल्की वर्षा की संभावना भी जताई जा रही है. लेकिन उक्त सिस्टम का असर जिले में भी देखने को मिलेगा, इसकी संभावना फिलहाल कम ही नजर आ रही है.

# सीएम हेल्पलाईन में लापरवाही पर दो दर्जन अधिकारियों को नोटिस

## असंतुष्ट कलेक्टर ने किया जबाव तलब

नवभारत न्यूज

**सतना 15 मार्च. सीएम हेल्प लाईन की ग्रेडिंग में सुधार नहीं होने से नाराज कलेक्टर ने गुरुवार को समीक्षा के बाद जिले के दो दर्जन से अधिक अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है.**

पिछले तीन दिनों से मीडिया से दूर रखी गई इस कार्रवाई से संबंधित जानकारी को रविवार को कुछ सोशल मीडिया समूहों ने सार्वजनिक कर दिया जिन्हें नोटिस दिया गया है उनमे खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम और श्रम विभाग के अधिकारी भी शामिल हैं.नोटिस में अधिकारियों से तीन दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं, जिन्हें नोटिस दिया गया है उनमें जिला आपूर्ति अधिकारी, सभी तहसीलों के कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी ऊर्जा विभाग के कनिष्ट अभियंता सिंहपुर, चित्रकूट, बाबूपुर, जैतवारा, कोठी शामिल हैं.सहायक श्रमायुक्त को भो नोटिस जारी किया गया है. पीएचई के कार्यपालन यंत्री सहायक यंत्री नगर निगम प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम को भी ग्रेडिंग ठीक नहीं होने पर नोटिस दिया गया है. राजस्व विभाग में जिन्हें नोटिस दिया गया है उन्में तहसीलदार मझगवां, रामपुर बाघेलान, कोठी, सतना शहरी शामिल हैं. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला लेखा प्रबंधक , विकासखंड लेखा प्रबंधक रामपुर, मझगवां, कोठी, उचेहरा, नागौद, को भी नोटिस दिया गया है.

# विश्व उपभोक्ता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



नवभारत न्यूज

**सतना 15 माच, विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग सतना द्वारा उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं एवं सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य डॉ. विद्या पांडे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एल. आर. जांगड़े ने की। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी सम्यक जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बताया गया कि वर्ष 2026 के अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की थीम "सुरक्षित उत्पाद, आत्मविश्वासी उपभोक्ता" निर्धारित की गई है। इस विषय का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं विश्वसनीय उत्पाद उपलब्ध कराना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वक्ताओं ने उपभोक्ताओं को असुरक्षित एवं नकली उत्पादों से बचने, वस्तुओं की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की जांच करने तथा ऑनलाइन और वैश्विक बाजार में उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही यह भी बताया गया कि विश्व स्तर पर द्वारा उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और जागरूकता के लिए विभिन्न अभियान संचालित किए जाते हैं। नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी वस्तु या सेवा की खरीद के समय उसकी गुणवत्ता, मानक चिन्ह और वैधता की जांच अवश्य करें तथा किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित उपभोक्ता मंच में शिकायत दर्ज कराएं।

### अवकाश के दिनों में होगा टीकाकरण

जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए अब अवकाश दिवसों पर भी टीकाकरण कार्य जारी रखा जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा जिला एवं राज्य स्तर पर की जा रही है। वर्तमान में जिले की प्रगति संतोषजनक नहीं होने तथा जिले का नाम राज्य स्तर पर न्यूनतम उपलब्धि वाले जिलों में शामिल होने के कारण अभियान को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सिविल सर्जन, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी एवं शहरी स्वास्थ्य नोडल अधिकारियों को कहा है कि इस माह के सभी अवकाश दिवसों में भी एचपीवी टीकाकरण केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए टीकाकरण कार्य जारी रखना सुनिष्चित करें।

# भियामऊ गांव में पुराने विवाद के चलते घर में घुसकर हमला

## अस्पताल में उपचार जारी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

नवभारत न्यूज

**सतना 15 मार्च. सरसों की फसल काट रहे किसान को आधा दर्जन लोगों ने घेरकर धमकाना शुरु कर दिया. यह देख जब किसान भागकर अपने घर पहुंचा तो लोगों ने उसके घर में घुसकर हमला कर दिया. हमले में किसान उसके माता पिता पत्नी और यहां तक की छोटी बच्ची के साथ भी मारपीट की गई.**



जिले के बरौंधा थाना अंतर्गत भियामऊ गांव के निवासी जगदीश कुमार कुशवाहा द्वारा थाने में लिखित शिकायत की गई है. जिसके अनुसार वे अपने घर के पीछे स्थित खेत में सरसों की फसल काट रहे थे. इसी दौरान राज्रेंद बहादुर सिंह, तिलकराज सिंह, मनोज सिंह, बोधराज सिंह श्रीमती सविता सिंह और प्रतिभा सिंह वहां पहुंच गए और जगदीश से गाली गलौच करने लगे.

यह देख जगदीश फसल काटना छोड़ कर अपने घर की ओर चले गए. लेकिन यह भी लोग वहां भी पहुंच गए. गाली गलौच से मना करने पर सभी ने मिलकर लाठी डंछे और हंसिया से हमला कर दिया. उक्त लोगों द्वारा जगदीश के साथ-साथ उनके माता पिता और पत्नी पर भी हमला कर दिया. इतना ही नहीं बल्कि जगदीश की पत्नी ने जब मारपीट का वीडियो बनाने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने उसकी बच्ची को गोद से उठाकर नीचे फेंक दिया. इसके साथ ही मोबाइल को भी तोड़ दिया. घायल सहित सहित परिजनों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया. जहां पर जगदीश को भर्ती कर उपचार जारी है. इस घटना की थाने में लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है.

# हनुमान चालीसा पाठ, राम जानकी टोली का संपर्क

नवभारत न्यूज

**सतना 15 मार्च। गणेश नगर नई बस्ती में सैनिक कॉलोनी बजरंगबली मंदिर में हनुमान चालीसा के साथ राम जानकी टोली का संपर्क अभियान चला।**



कलाश भगवा ध्वज के साथ शिव मंदिर गणेश नगर से गणेश मंदिर हनुमान मंदिर एवं सैनिक कॉलोनी हनुमान मंदिर तक वार्ड नंबर 14 में श्री रामनवमी शोभा यात्रा को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए घर घर आमंत्रण पत्रक बांटे गए। बस्ती वासियों ने मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धा भाव के साथ श्री रामनवमी कलश एवं ध्वज का भाव भक्ति के साथपूजन किया। आयोजन में हनुमान शक्ति केंद्र के संयोजक आचार्य विनोद द्विवेदी, चंद्रिका त्रिपाठी, हरिश्चंद्र गुप्ता, जीवेश शुक्ला दिप्पू, कमलेश तिवारी, शिवमंगल दिन विश्वकर्मा, हनुमंत लाल, पुष्पा देवी, शीला कुशवाहा, कमला कुशवाहा, रवि यादव, किरण शुक्ला, गुड़िया साकेत, पूजा साहू, नीलम तिवारी, मंजू, खुशबू, सोनू, सरोज , सुषमा, नीलम, गुड्डी, प्रिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# महापौर ने किया निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**सतना 15 मार्च, महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने रविवार को वार्ड क्रमांक 15 में 27.13 लाख की लागत से बनने वाले नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।**



क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने एवं नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी , नगर निगम निर्माण विभाग अध्यक्ष गोपी गेलानी , वार्ड पार्षद श्रीमती ममता मुरारी सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश जायसवाल , भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुरारी सोनी सहित वार्ड के सम्मानित नागरिक एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भूमिपूजन के अवसर पर महापौर श्री ताम्रकार ने कहा कि उनका यह संकल्प है कि नगर के प्रत्येक वार्ड में निरंतर विकास कार्यों को गति देते हुए नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके साथ ही शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाया जाए। इस मिशन में सभी का स्नेह, विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है।

# मलगॉव में मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन,207 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना 15 मार्च, प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ग्राम मलगॉव में नि:शुल्क बृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।**

इस शिविर में आये हुये 207 मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श भी प्रदान किया गया। साथ ही, नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस शिविर में विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर डीडी मिश्रा ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकर द्वारा 14 से 15 वर्षकी बच्चियों के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जिला प्रशासन द्वारा विशेष कैंप लगा करके टीका कारण कराया जा रहा है



इस टीकाकरण में आप सभीलोग भाग लेकर बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाए। जिला प्रशासन के इस महा अभियान को सफल बनाएं.डीजीएम सी.एस.आर. एंड पीआर, देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि, जगतनारायण त्रिपाठी (उपसरपंच), अध्यक्ष रामबली साकेत (समाजसेवी), विशिष्ट अतिथिगण कृष्णपाल सिंह (पूर्व सरपंच), नरेंद्र सिंह तिवारी (समाजसेवी), अशोक द्विवेदी (समाजसेवी) और प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड से डॉ मनीष कुमार सिन्हा हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर, डॉ डी डी मिश्रा वीपी मेडिकल सर्विसेज एवं डी. के. सिंह जी (जीएम माइंस) व उपस्थित चिकित्सकों द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण करके किया गया। शिविर में डॉ. डी.डी. मिश्रा (हड्डीरोग विशेषज्ञ), डॉ. शेफाली जैन (मेडिसिन विशेषज्ञ), डॉ. अपर्णा अग्रवाल (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. सतीश त्रिपाठी (दंत रोग विशेषज्ञ) और डॉ. नीरज सिंह (नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाएं प्रदान की।



# एकेएस में 'कोनियाप्स-32' का समापन युवा शोधकर्ताओं ने प्रस्तुत किए नवाचार

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 मार्च, एकेएस विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस संकाय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 32वें अंतरराष्ट्रीय भौतिक विज्ञान सम्मेलन 'कोनियाप्स-32' का रविवार को समापन हुआ।**

विज्ञान, प्रौद्योगिकी, गणित तथा संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर केंद्रित इस सम्मेलन में देश-विदेश के सैकड़ों वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान कुल 50 मौखिक प्रस्तुतियां और 50 पोस्टर प्रस्तुतियां की गईं, जिनमें समकालीन वैज्ञानिक शोध और नवाचारों पर चर्चा हुई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि फ्यूचर लिमिटेड के चेयरमैन प्रो. आर.एन. भटनागर ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान और गणित के व्यावहारिक अनुप्रयोगों के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों को प्रभावी रूप से हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. प्रेम प्रकाश सोलंकी और प्रो. सी.के. मिश्रा ने की। इस अवसर पर प्रो. एन.पी. सिंह तथा डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों, अतिथियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मेलन के तीसरे दिन आयोजित मौखिक प्रस्तुति सत्र में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए 50 प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धा हुई। इसमें मणिपुर विश्वविद्यालय, चाचिपुर की बेबी रसोदा अहोंगशांगबम प्रथम, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के रविंद्र सिंह द्वितीय तथा जया रानी तृतीय स्थान पर रहीं।

पोस्टर प्रस्तुति सत्र में कुल 50 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। इसमें आईआईटी बीएचयू के प्रमोद कुमार प्रथम, सेंट एलॉयसियस कॉलेज, जबलपुर की आर्या दुबे द्वितीय तथा अनिका मेहरोत्रा तृतीय स्थान पर रहीं।

# सर्वस्पर्शी जन नेता थे यादवेन्द्र : मनीष

**सतना 15 मार्च,** भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी मनीष तिवारी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें जिन्दादिल स्वभाव का सर्वस्पर्शी जननेता बताया है। उनकी अंतिम यात्रा में शामिल रहे मनीष तिवारी ने कहा की स्व यादवेन्द्र सिंह ने हमेशा जन भावनाओं को कानून से ऊपर माना। अपने बेबाक अंदाज,निडर और जिंदादिल शख्सियत के कारण वे समाज के हर वर्ग में स्वीकार्य और लोकप्रिय बने रहे।

# तीन छात्रों को नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कालरशिप मिली

▸ मिलेगी हर साल 12 हजार रुपए छात्रवृत्ति

नवभारत न्यूज

**सतना 15 मार्च, शासकीय सांदीपनि उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक विनय कनौजिया ने बताया की नेशनल मींस कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा 2025 में शासकीय सांदीपनि उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बगहा सतना के तीन छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता हासिल की है।**



इस उपलब्धि से विद्यालयों के साथ-साथ क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। संस्था प्राचार्य रघुवंश प्रसाद मिश्रा के संरक्षण और प्र. प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार गर्ग के नेतृत्व में छात्रा रितिका पाठक, कृतिका त्रिपाठी छात्र मुदित नारायण तीन सफल हुए हैं और परीक्षा उत्तीर्ण की। उनकी सफलता पर विद्यालय परिवार ने छात्रों को बधाई और उज्वल भविष्य की कामना किये है।उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्रायोजित योजना के अंतर्गत परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रतिमाह एक हजार यानी प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

# पूर्व विधायक को अंतिम विदाई, सांसद कचनार पहुँचे

नवभारत न्यूज

**सतना 15 मार्च, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह के निधन पर रविवार को उनके गृह ग्राम कचनार में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान क्षेत्र के हजारों लोग उन्हें अंतिम विदाई देने पहुँचे।**

सतना सांसद गणेश सिंह भी कचनार पहुँचकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए और स्वर्गीय यादवेंद्र सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि पूर्व



विधायक यादवेंद्र सिंह का पूरा जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने अपने निजी संपर्कों और जनसंपर्क के माध्यम से क्षेत्र में व्यापक जनसमर्थन हासिल किया था। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को उन्होंने हमेशा अपना आधार बनाया और जीवन भर उनके सुख-दुख में साथ खड़े रहे।उन्होंने बताया कि कई बार देर रात भी यादवेंद्र सिंह गरीब परिवारों के वैवाहिक कार्यक्रमों में शामिल होते हुए मिल जाते थे, जिससे उनके जनसेवा के प्रति समर्पण का पता चलता था। गणेश सिंह ने कहा कि जब यादवेंद्र सिंह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे, तब उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने उनके संघर्ष को नहीं समझा, इसलिए अब वे अपना शेष जीवन भाजपा में रहकर जनता की सेवा करेंगे। भाजपा में आने के बाद उन्हें पूरा सम्मान मिला और पार्टी के साथ मिलकर उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए काम किया।

## एक नजर में



### पाल समाज का होली मिलन समारोह

**सतना,** पाल समाज एवं विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जनजाति महासंघ संगठन के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं तथा समाज में भाईचारा, एकता और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज के लोगों से विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जनजाति का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जागरूक रहने की अपील की। साथ ही समाज के विकास, संगठन की मजबूती और सामाजिक एकता को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।



### जिला वैश्य महासम्मेलन की बैठक

**सतना,** जिला वैश्य महासम्मेलन की महत्वपूर्ण बैठक रविवार 15 मार्च 2026 को शाम 4-30 बजे से 5-30 बजे तक रीवा रोड स्थित सिंधु स्कूल के पास श्री शाइन मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारी, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 19 मार्च 2026 को गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली भव्य वाहन रैली की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गईं।

### संसद घेराव के लिए सैकड़ो युवा दिल्ली रवाना




**सतना,** मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदेशाध्यक्ष यश लखन घनघोरिया जी के नेतृत्व में सांसद घेराव करेंगे जिसमें सतना से गौरव मिश्रा को के साथ बस ट्रेन और विभिन्न माध्यम से सैकड़ो कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुए , युवक कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार ने राजनीतिक दुर्भावना के तहत युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया और उनके खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।इसी के विरोध में 16 मार्च को संसद का घेराव करने की योजना बनाई गई है।